सार समाचार

समाचार : खेलकूद/ क्रिकेट

हमें अपनी गलतीयों से सीख लेकर आगे बढ़ना होगा: पंत

लीड्स,आईएएनएस। भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने स्वीकार किया है कि हम पिच को और अच्छी तरह इस्तेमाल कर सकते थे क्योंकि पिच शुरुआत में गेंदबाजों के लिए मददगार थी। भारत की पहली पारी तीसरे टेस्ट के पहले ही दिन 78 रनों पर सिमट गई जबकि इंग्लैंड ने दिन का खेल खत्म होने के तक बिना किसी नुकसान के 120 रन बना लिए हैं। पंत ने वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया से बात करते हुए कहा, यह खेल ऐसा ही चलता है, एक बल्लेबाजी यूनिट के रूप में हमें अपना 100 प्रतिशत देना होता है। कभी-कभी खेल हमारे अनुसार नहीं चलता। पंत ने आगे कहा, सुबह में विकेट मददगार था और इंग्लैंड के गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की। बतौर बल्लेबाज हमें थोड़ा सजग रह कर खेलना चाहिए था, अब यहां से हमें अपनी गलतियों से सीख लेकर आगे बढ़ना होगा। 23 वर्षीय पंत ने कहा कि खेल के दूसरे सत्र में पिच और वहां का वातावरण बल्लेबाजी के अनुकूल हो गया था।

पाकिस्तान के कोच मिस्बाह कोविड की चपेट में

किंग्स्टन,आईएएनएस। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के मुख्य कोच मिस्बाह-उल-हक कोविड की चपेट में आ गए हैं। उन्हें यहां दस दिनों तक रुकना होगा जबकि बाकी टीम पाकिस्तान लौट जाएगी। पाकिस्तान का वेस्टइंडीज दौरा मंगलवार को ही खत्म हो गया था। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को ट्विटर पर ब्यान जारी कर कहा, पाकिस्तान के लिए उड़ान भरने से पहले मिस्बाह पीसीआर टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए, बाकि टीम आज जमैका से उड़ान भरेगी, हम मिस्बाह के जल्दी ठीक होने की कामना करते हैं। पीसीबी ने एक रिलीज में बताया कि वे विंडीज क्रिकेट के साथ लगातार संपर्क में है और उन्होंने यह सुनिशचित किया कि मिस्बाह अगले दस दिनों के लिए मेडिकल विशेषज्ञ की निगरानी में रहेंगे।

एशियाई युवा मुक्केबाजी: छह भारतीय फाइनल में

नई दिल्ली ■ भाषा/डेस्क

भारत के छह मुक्केबाजों ने दुबई में चल रही एशियाई युवा चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना ली है। इनमें से दो मुक्केबाजों को वाकओवर मिला क्योंकि कजाखस्तान के दल में कोविड-19 का मामला पाये जाने के बाद उसके खिलाड़ी पृथकवास पर हैं। फाइनल में जगह बनाने वाले छह मुक्केबाजों में दो पुरुष और चार महिला खिलाड़ी शामिल हैं। महिलाओं के वर्ग में सिमरन वर्मा (52 किग्रा) और स्नेहा (66 किग्रा) को वाकओवर मिला क्योंकि इनकी प्रतिद्वंद्वी कजाखस्तान की खावा वोल्कोयेवा और अनार तुरिनबेक को पृथकवास पर जाना पड़ा था। भारतीय कोच भास्कर भट्ट ने पीटीआई-भाषा से कहा, इनमें से एक लड़की को कोविड-19 के लिये पॉजिटिव पाया गया और दूसरी को पृथकवास पर जाना पड़ा क्योंकि वह संक्रमित लड़की के साथ एक ही कमरे में रह रही थी। इसलिए हमें इन दो वर्गों में वाकओवर मिला।

इनके अलावा महिलाओं के वर्ग में प्रीति (57 किग्रा) और प्रीति दहिया (60 किग्रा) ने भी फाइनल में प्रवेश किया। प्रीति ने नेपाल की नारिका राय को तीसरे राउंड में नाकआउट किया जबकि प्रीति दहिया ने उज्बेकिस्तान की रुख्सोना उकतामोवा को 3-2 से हराया। पुरुष वर्ग में वंशज (64 किग्रा) ने ईरान के फरीदी अबुलफजल को 5-0 से जबकि विशाल (80 किग्रा) ने कजाखस्तान के दौरेन मामिर को इसी अंतर से हराया। दक्ष (57 किग्रा) को हालांकि उज्बेकिस्तान के सोलिजोनोव समंदर से 4-1 से हार का सामना करना पड़ा।

अभिमन्यु (92 किग्रा) और अमन सिंह बिष्ट (92 किग्रा से अधिक) को भी कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। अभिमन्यु को उज्बेकिस्तान के तोखिरोव नुसरतबेक ने 5-0 से हराया। बिष्ट भी उज्बेकिस्तान के ही जोकिरोव जाकोगीर से हार गये।

इस महाद्वीपीय चैंपियनशिप का आयोजन पहली बार युवा और जूनियर वर्ग में एक साथ किया जा रहा है। युवा वर्ग के स्वर्ण पदक विजेता को 6000 डॉलर, रजत पदक विजेता को 3000 डॉलर और कांस्य पदक विजेता को 1500 डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी। जूनियर वर्ग में यह राशि क्रमशः 4000, 2000 और 1000 डॉलर है।

यूएस ओपन में दर्शकों को नहीं पहनना पड़ेगा मास्क

न्यूयॉर्क,एपी। दर्शकों के लिये अगले सप्ताह से शुरू होने वाले यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के मैचों के दौरान मास्क पहनना या टीकाकरण का सबूत पेश करना अनिवार्य नहीं होगा। कोरोना वायरस के कारण एक साल पहले यूएस ओपन का आयोजन दर्शकों के बिना किया गया था लेकिन इस बार स्टेडियम खचाखच भरे रहने की संभावना है।

अमेरिकी टेनिस संघ के उपाध्यक्ष और चिकित्सा सलाहकार समूह के सदस्य डा. ब्रायन हेनलाइन ने कहा, हमारा लक्ष्य कोविड के सभी मामलों को रोकना नहीं है। अभी कोविड का प्रकोप नहीं है जिससे हमें किसी तरह का पछतावा हो। उन्होंने कहा, हम अब भी लोगों की भलाई के बारे में सोच रहे हैं। जिन लोगों का टीकाकरण नहीं हुआ है उन्हें वास्तव में मास्क पहनना चाहिए हालांकि हम उन्हें इसके लिये मजबूर नहीं करेंगे। मुझे लगता है कि जिनका टीकाकरण हो गया है उनमें से भी कुछ मास्क पहनेंगे। वर्ष का अंतिम ग्रैंडस्लैम सोमवार से न्यूयॉर्क में शुरू होगा। अमेरिका में कोविड-19 के नये मामले लगभग 150,000 प्रतिदिन पर पहुंच गये हैं जो जनवरी के बाद से सर्वाधिक है।

बड़ी बढ़त की ओर इंग्लैंड क्रिकेट टीम

भारत ने सलामी बल्लेबाजों को आउट किया, लेकिन इंग्लैंड ने 104 रन की बढ़त बनाई।

लीड्स ■ भाषा/डेस्क

भारत ने दोनों सलामी बल्लेबाजों को आउट कर दिया लेकिन इंग्लैंड पर दबाव बनाने के लिये इतना काफी नहीं था जिससे मेजबान टीम ने गुरूवार को यहां तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन लंच तक अपनी बढ़त 104 रन की कर ली। इंग्लैंड ने बिना विकेट गंवाये 120 रन से आगे खेलना शुरू किया और सुबह के सत्र में 62 रन जोड़े जिससे लंच तक पहली पारी में उसका स्कोर दो विकेट पर 182 रन हो गया। भारतीय टीम पहली पारी में 78 रन पर सिमट गयी थी। मोहम्मद शमी भारत के चारों तेज गेंदबाजों में सबसे ज्यादा खतरनाक दिखे, बाकी अन्य को लगातार दूसरे दिन सीम या स्विंग मूवमेंट का फायदा नहीं मिला। शमी ने 'राउंड द विकेट' गेंदबाजी करते हुए खेल के पहले घंटे में रोरी बर्न्स (153 गेंद में 61 रन) को बोल्ड किया।

शमी की शानदार गेंद पर बर्न्स ने कवर ड्राइव खेलने का प्रयास किया, पर यह दनदनाते हुए उनके ऑफ स्टंप उखाड़ गयी। इस तरह बर्न्स और हसीब हमीद के बीच पहले विकेट की 135 रन की भागीदारी का अंत हुआ। भारत को दूसरा विकेट रविंद्र जडेजा ने दिलाया जिन्होंने दिन के अपने पहले ही ओवर में हमीद (195 गेंद में 68 रन) को बोल्ड किया। बायें हाथ के स्पिनर ने अपनी खूबसूरत गेंद पर क्रीज पर जमे हुए हमीद का बड़ा विकेट झटका।

तीन साल में अपना पहला टेस्ट खेल रहे डेविड मलान अच्छी लय में दिख रहे हैं और 27 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं।

उनके साथ फार्म में चल रहे कप्तान जो रूट 14 रन बनाकर खेल रहे हैं। इन दोनों झटकों के बावजूद भारत को मैच में वापसी के लिये कुछ विशेष करने का प्रयास करना होगा। भारत के लिये सुबह के सत्र में इशांत शर्मा ने गेंदबाजी शुरू की, हालांकि वह पिच पर सही लाइन एवं लेंथ हासिल करने में जूझते दिखे। भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण स्विंग के बजाय सीम पर ज्यादा निर्भर करता है लेकिन वे पिच से ज्यादा मूवमेंट हासिल नहीं कर सके।

इन दिनों नेट्स पर कम गेंदबाजी करता हूं: एंडरसन

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने लंबे समय तक टेस्ट क्रिकेट में बने रहने का राज बताते हुए बुधवार को यहां कहा कि अब वह नेट्स पर कम समय बिताते है और अपनी उस ऊर्जा को मैचों के लिये बचाकर रखते हैं। एंडरसन ने अपनी शानदार गेंदबाजी का नमूना तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन भी दिखाया जब उन्होंने आठ ओवर में छह रन देकर तीन विकेट लिये और विराट कोहली के टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के फैसले के बाद भारतीय टीम को पहली पारी में 78 रन पर आउट करने में अहम भूमिका निभायी। इस 39 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा, उम्र बढ़ने के साथ मुझे लगता है कि मुझे जिम में अधिक कड़ी मेहनत करनी चाहिए।

अंतरराष्ट्रीय मुकाबले : क्रिकेट

पैरालंपिक खेल: भाविनाबेन टेबल टेनिस के नॉकआउट दौर में

तोक्यो ■ भाषा/डेस्क

भारतीय खिलाड़ी भाविनाबेन पटेल गुरुवार को यहां ग्रेट ब्रिटेन की मेगान शैकलटन पर 3-1 की जीत से तोक्यो पैरालंपिक खेलों की टेबल टेनिस प्रतियोगिता के महिला एकल क्लास 4 के नॉकआउट दौर में पहुंच गयी। भारत की 34 वर्षीय खिलाड़ी ने विश्व में नौवें नंबर की शैकलटन को 41 मिनट तक चले मैच में 11-7, 9-11, 17-15, 13-11 से हराया।

विश्व में 12वें नंबर की भारतीय के लिये यह करो या मरो वाला मैच था। उन्होंने पहला गेम केवल आठ मिनट में जीता लेकिन शैकलटन ने दूसरा गेम जीतकर अच्छी वापसी की। इसके बाद अगले दो गेम में दोनों खिलाड़ियों ने अपनी जी जान लगा दी लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने महत्वपूर्ण मौकों पर अंक बनाये और जीत हासिल करने में सफल रही।

भाविनाबेन ने मैच के बाद कहा, मैं आगामी मैचों में बेहतर प्रदर्शन करना चाहती हूं। मैंने आज धैर्य बनाये रखने की और गेंद पर ध्यान लगाये रखने की कोशिश की। मैंने किसी नकारात्मक विचार से अपना ध्यान भंग नहीं होने दिया। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि मैं इस कड़े मुकाबले में जीत दर्ज करने में सफल रही। मैंने एक – एक अंक के लिये संघर्ष किया। मैंने हार नहीं मानी। भाविनाबेन की यह टूर्नामेंट में पहली जीत है क्योंकि वह पहले मैच में विश्व की नंबर एक चीनी खिलाड़ी झोउ यिंग से 0-3 से हार गयी। भाविनाबेन के दो मैचों में तीन अंक रहे और वह यिंग के साथ नॉकआउट चरण में पहुंचने में सफल रही।

पीसीबी चेयरमैन पद से हटे एहसान मनी

कराची,भाषा। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) चेयरमैन एहसान मनी ने गुरुवार को अपने पद से हटने का फैसला किया। उन्होंने तीन साल का कार्यकाल पूरा किया। पीसीबी के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि मनी अब बोर्ड के चेयरमैन नहीं होंगे क्योंकि उनका कार्यकाल 25 अगस्त को समाप्त हो गया।

उन्होंने कहा, हम इस पर कुछ और टिप्पणी नहीं कर सकते क्योंकि नये चेयरमैन के चुनाव के लिये अधिसूचना प्रधानमंत्री ही जारी करेंगे।

खेल सुर्खियां

आईसीसी ने एशिया, अमेरिका के लिए अंडर-19 क्वालीफायर्स रद्द किया

दुबई ■ आईएएनएस/डेस्क

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने घोषणा की है कि अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए अमेरिका, एशिया और ईएपी क्वालीफायर्स को कोविड-19 के कारण रद्द कर दिया गया है। आईसीसी और आईसीसी डेवलपमेंट बोर्ड के दिशानिर्देशों के आधार पर, इन तीनों इवेंट को रद्द कर दिया गया है।

आईसीसी ने बुधवार को एक रिलीज में कहा, इन इवेंट्स के रद्द होने के बाद कनाडा, संयुक्त अरब अमीरात और पापुआ न्यू गुएना अब अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2022 में आगे बढ़ेंगे क्योंकि इन टीमों ने अंतिम पांच क्वालीफाइंग राउंडस में सबसे अधिक जीत हासिल की है।

आईसीसी इवेंट्स के प्रमुख, क्रिस टेटली ने कहा, यह अविश्वसनीय रूप से निराशाजनक है कि आईसीसी अंडर -19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप के तीन क्षेत्रीय क्वालीफायर को कोविड-19 के कारण रद्द कर दिया गया है।

सदस्य द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों के तहत, टीमों ने महामारी के चलते अपना नाम वापस ले लिया है। हमारे पास इवेंट्स को रद्द करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। उन्होंने कहा, हमने यह सुनिश्चित करने के लिए सभी सदस्यों के साथ मिलकर खेल के मैदान पर परिणाम निर्धारित करने का प्रयास किया।

साक्षात्कार

खेल हमें एकजुट रहना सिखाते है : नीरज

पानीपत ■ आईएएनएस/डेस्क

टोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने इन दावों का खंडन किया है कि फाइनल राउंड के पहले थ्रो से पहले पाकिस्तान के अरशद नदीम उनके भाले के साथ छेड़छाड़ कर रहे थे। नीरज, जिन्होंने एक साक्षात्कार में कहा था कि उन्हें अपने पहले थ्रो से पहले नदीम से भाला लेना पड़ा था, उन्होंने कहा कि वह नहीं चाहते कि उनकी टिप्पणियों का इस्तेमाल भाला विवाद को बढ़ाने के तरीके के रूप में किया जाए।

नीरज ने कहा, मैं सभी से अनुरोध करूंगा कि कृपया मुझे और मेरी टिप्पणियों को अपने निहित स्वार्थों और प्रचार के माध्यम के रूप में उपयोग ना करें। खेल हमें साथ रहना और एक होना सिखाते हैं। मेरी हाल की टिप्पणियों पर जनता की कुछ प्रतिक्रियाओं को देखकर मैं बेहद निराश हूं।

वीडियो में, 23 वर्षीय एथलीट ने समझाया कि कोई भी भाला फेंक एथलीट किसी के भाला का उपयोग कर सकता है और इसके लिए कोई विशेष नियम नहीं है।

वीडियो में नीरज ने कहा, मैं एक साक्षात्कार में अपनी हालिया टिप्पणियों के बारे में स्पष्ट करना चाहता हूं जहां मैंने उल्लेख किया था कि पाकिस्तान का नदीम मेरे भाले का उपयोग कर रहा था। बहुत ही साधारण सी बात होने पर यह एक बड़े विवाद में तब्दील हो गया है।

उन्होंने कहा, मुझे इस बात का दुख है कि लोग मेरे नाम का विवाद पैदा करने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। मैं सभी से अनुरोध करता हूं कि इसमें शामिल ना हों। खेल हमें साथ रहना सिखाते हैं। सभी भाला फेंक एथलीट एक अच्छा बंधन साझा करते हैं, इसलिए मैं सभी से अनुरोध करता हूं कि ऐसा कुछ भी नहीं कहें जिससे मेरी भावनाओं को ठेस पहुंचे।

टायफो, कारेनो बस्टा क्वार्टर फाइनल में

विन्सटन सलेम,एपी। एंडी मरे को बाहर का रास्ता दिखाने वाले फ्रांसिस टायफो ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए विन्सटन सलेम ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में थियागो मोंटिरो को 7-5, 7-6 (2) से हराया। विश्व में 51वें नंबर के 23 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी ने मोंटिरो को 12वें गेम में सर्विस तोड़कर पहला सेट अपने नाम किया। दूसरे सेट के टाईब्रेकर में उन्होंने अपनी सर्विस बचाये रखी और मैच अपने नाम किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त स्पेनिश खिलाड़ी पाब्लो कारेनो बस्टा ने भी क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

दर्शकों ने सिराज को गेंद से निशाना बनाया

लीड्स,आईएएनएस। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को यहां हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन के खेल के दौरान बुधवार को दर्शकों ने गेंद से निशाना बनाया जिसपर भारतीय कप्तान विराट कोहली स्क्रीन पर गुस्सा व्यक्त करते हुए देखे गए। टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने पहले दिन का खेल खत्म होने के बाद कहा, मेरे ख्याल से किसी ने सिराज पर गेंद फेंकी, जिससे वह निराश हैं। आप चाहें जो कह सकते हैं लेकिन फील्डरों पर कुछ फेंकना क्रिकेट के लिए सही नहीं है।

बार्मी आर्मी ने पवेलियन लौटते वक्त कोहली पर तंज कसा

लीड्स,आईएएनएस। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन और भारतीय कप्तान विराट कोहली के बीच दूसरे टेस्ट से ही तीखी नोंक-झोंक चल रही थी, पर जब बुधवार को यहां हेडिंग्ले में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट में अनुभवी गेंदबाज एंडरसन ने कप्तान कोहली को आउट किया तो इंग्लैंड के फैंस ने भी उनके विकेट का अलग अंदाज में जश्न मनाया। एंडरसन ने कोहली को आउट करते ही अपने करियर का 629वां विकेट भी ले लिया। कोहली 17 गेंदों में महज 7 रन ही बना सके। भारतीय कप्तान जब आउट हो कर पवेलियन लौट रहे थे उस दौरान, इंग्लैंड की फैंस की टोली बार्मी आर्मी को कप्तान कोहली के लिए गुड-बाए गाना गाते सुना गया। आउट हो कर लौट रहे कोहली के लिए बार्मी आर्मी को चिरियो, चिरियो गाते सुना गया जिसका मतलब होता है अलविदा। यह सातवीं बार था जब एंडरसन ने टेस्ट मैच में कोहली को आउट किया। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज एंडरसन कोहली को लंबे प्रारूप में सबसे अधिक बार आउट करने वाले गेंदबाजों की सूची में ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर नाथन लियोन के साथ जुड़ गए हैं।

आर्सनल ने वेस्ट ब्रोम को 6-0 से रौंदा

लंदन,एपी। पियरे एमरिक ऑबमेयांग की हैट्रिक की मदद से आर्सनल ने बुधवार को यहां इंग्लैंड के लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दौर में वेस्ट ब्रोम को 6-0 से करारी शिकस्त दी। आर्सनल का प्रीमियर लीग में अब तक प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है।

उसने अपने दोनों मैच गंवाये है और उसने अभी तक एक भी गोल नहीं किया है लेकिन वेस्ट ब्रोम के खिलाफ लीग कप में वह पूरी तरह से बदली हुई टीम नजर आयी। ऑबमेयांग नये सत्र के शुरू में कोरोना वायरस से संक्रमित पाये गये थे जिसके कारण वह प्रीमियर लीग के शुरुआती मैच में नहीं खेल पाये थे। वेस्ट ब्रोम के खिलाफ उनकी हैट्रिक से आर्सनल की प्रीमियर लीग में भी वापसी की संभावना बढ़ गयी है। उनके अलावा आर्सनल की तरफ से निकोलस पेपे, बुकायो साका और अलेक्सांद्र लाकाजेट ने गोल किये।

टाइटन बायोटेक लिमिटेड
सीआईएन: L74999RJ1992PLC013387
पंजीकृत ऑफिस: A-902A, RIICO औद्योगिक क्षेत्र, चरण- III, भिवाड़ी, राजस्थान-301019
दूरभाष: 011-27674615, ई-मेल: cs@titanbiotechltd.com/hrd@titanbiotechltd.com
वेबसाइट: www.titanbiotechltd.com

29th वार्षिक आम बैठक की सूचना,ई-वोटिंग सुविधा, बुक क्लोजर और रिकॉर्ड तिथि

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी की **29वीं वार्षिक आम बैठक** कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधान, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय ("एमसीए परिपत्र") और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा जारी किए गए परिपत्रों ("सेबी परिपत्र") के साथ पठित के लागू नियम और विनियम के अनुपालन में, निरंतर COVID-19 महामारी को देखते हुए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी") / अन्य ऑडियो विजुअल ("ओएवीएम") के माध्यम से सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना एक सामान्य स्थान पर सामान्य और विशेष व्यवसाय को लेन-देन करने की सुविधा, जैसा कि एजीएम की सूचना में निर्धारित किया गया है **शुक्रवार, 24 सितंबर, 2021 को अपराह्न 03:00 (IST) बजे** आयोजित की जाएगी। एजीएम का स्थान कंपनी का पंजीकृत कार्यालय माना जाएगा।

एमसीए और सेबी के पूर्वोक्त परिपत्रों के अनुसार, 29वीं एजीएम की सूचना, वर्ष 2021 की वार्षिक रिपोर्ट के हिस्से के रूप में जिसमें 31 मार्च, 2021 को समाप्त वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण ("वार्षिक रिपोर्ट") में है और अन्य अनिवार्य अनुलग्नक शामिल हैं 26 अगस्त, 2021 को ईमेल द्वारा उन सदस्यों को भेजा गया है जिनके ईमेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों/रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट के पास पंजीकृत हैं। एजीएम नोटिस वाली वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.titanbiotechltd.com और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की वेबसाइट यानी www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है। एजीएम में किए जाने वाले कारोबार की मद से संबंधित दस्तावेज एजीएम से पहले या उसके दौरान सदस्यों द्वारा निरीक्षण के लिए उपलब्ध होंगे।

कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुपालन में लागू नियमों और विनियमों के साथ, सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान की जाती है और वे अपनी वेबसाइट www.evotingindia.com के माध्यम से सीडीएसएल सिस्टम का उपयोग करके रिमोट ई वोटिंग के माध्यम से एजीएम के प्रस्तावों पर वोट डाल सकते हैं। रिमोट ई-वोटिंग मंगलवार, 21 सितंबर, 2021 को सुबह 10:00 बजे से शुरू होगी और गुरुवार, 23 सितंबर, 2021 को शाम 5:00 बजे समाप्त होगा। इसके बाद सीडीएसएल द्वारा ई वोटिंग मॉड्यूल को निष्क्रिय कर दिया जाएगा। मतदान की पात्रता निर्धारित करने की अंतिम तिथि 17 सितंबर, 2021 है। कोई भी व्यक्ति, जो कट-ऑफ तिथि यानी 17 सितंबर, 2021 से पहले कंपनी का सदस्य बन जाता है, शेयर प्राप्त करने के बारे में प्रासंगिक जानकारी दे सकता है और beetalrta@gmail.com पर एक अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।

चूंकि एजीएम वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जाती है, ऐसे सदस्य जो पात्र थे और जिन्होंने पहले अपना वोट नहीं डाला था, एजीएम के दौरान वोट देने के हकदार होंगे। जिन सदस्यों ने पहले ही मतदान कर दिया है वे एजीएम में भाग लेने के हकदार होंगे लेकिन एजीएम के प्रस्तावों पर फिर से मतदान करने के हकदार नहीं होंगे। वोटिंग अधिकार कंपनी की प्रदत्त पूंजी में प्रत्येक शेयरधारक द्वारा रखे गए शेयरों की संख्या के बराबर होंगे। एजीएम में रिमोट ई-वोटिंग और ई-वोटिंग के विस्तृत निर्देश एजीएम के नोटिस में दिए गए हैं।

किसी भी प्रश्न या समस्या के मामले में, सदस्य www.evotingindia.com पर उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न ("एफएक्यू") और ई-वोटिंग मैनुअल को सहायता अनुभाग के तहत देख सकते हैं या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर एक ईमेल लिख सकते हैं या श्री राकेश दलवी (022-23058542), प्रबंधक, (सीडीएसएल), सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरएक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एनएम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई - 400013 से संपर्क कर सकते हैं या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल भेजें या 022-23058542/43 पर कॉल करें।

भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य, जिनके ईमेल पते कंपनी के साथ पंजीकृत नहीं हैं, वे अपना ईमेल पता कंपनी या कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट, बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ beetalrta@gmail.com पर पंजीकृत कर सकते हैं। डीमैट रूप में शेयर रखने वाले सदस्य अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के साथ अपना ईमेल पता अपडेट कर सकते हैं।

2021 के लिए अंतिम लाभांश के लिए सदस्यों की पात्रता का निर्धारण करने के उद्देश्य से, एजीएम के लिए सदस्यों का रजिस्टर और कंपनी की शेयर ट्रांसफर किताबें 18.09.2021 (शनिवार) से 24.09.2021 (शुक्रवार) (दोनों दिन शामिल) तक बंद रहेंगी।

एजीएम में सदस्यों द्वारा अनुमोदित होने पर इक्विटी शेयरों पर लाभांश के लिए पात्र सदस्यों के नाम निर्धारित करने की रिकॉर्ड तिथि 17 सितंबर, 2021 है।

टाइटन बायोटेक लिमिटेड के लिए
हस्ता/-
चरणजीत सिंह
(कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी)

स्थान : दिल्ली
दिनांक: 25/08/2021